# वाराणसी के लिए हवाई सेवा शुरू

**सफर में राहत 1**


सीएम योगी ने गुरुवार को लखनऊ-वाराणसी विमान सेवा को हरी झंडी दिखाई।

लखनऊ, विशेष संवाददाता। सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ से वाराणसी के लिए पहली उड़ान सेवा का उद्घाटन किया। इंडिगो एयरलाइन्स की इस सेवा से मात्र 55 मिनट में दोनों शहर के बीच सफर पूरा होगा। मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को इंडिगो फ्लाइट संख्या सीई-7319 दोपहर 2:20 बजे रवाना होगी। वापसी में इन्हीं दिनों में वाराणसी एयरपोर्ट से सीई-7321 शाम 4:05 बजे उड़ेगी।

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की राजधानी को देश की आध्यात्मिक राजधानी से जोड़ने का प्रयास सराहनीय है। ये सेवा प्रधानमंत्री के उस संकल्प को पूरा करगी, जिसमें उन्होंने कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वाला आम आदमी भी हवाई यात्रा कर सके। इस अवसर पर केंद्रीय नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल, डॉ दयाशंकर मिश्र दयालू आदि रहे।